प्रेस विज्ञप्ति

रायपुर, दिनांक 21 फरवरी, 2014

-कटगी एवं गोडा (जिला बलौदा बाजार) के विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही का अवलोकन किया

-विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल एवं मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से भेंट की

- कसडोल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल, कटगी एवं शासकीय हाईस्कूल, गोडा (जिला-बलौदा बाजार) केविद्यार्थियों ने आज विधानसभा की कार्यवाही का अवलोकनकिया। कार्यवाही अवलोकन पश्चात् इन्होने विधानसभा परिसर में विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल एवं मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह से भेंट की। इस अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री देवेन्द्र वर्मा भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि- विधानसभा प्रदेश की सर्वोच्च जनप्रतिनिधि सभा होने के कारण विधि निर्माण संस्था होने के अतिरिक्त कार्यपालिका के कार्यो पर सतत् निगरानी का कार्य भी करती है। प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण के काल में प्रश्न करने का अधिकार पक्ष एवं प्रतिपक्ष के सदस्यों को होता है इस काल में मान. मंत्री मान. सदस्यों के प्रश्नों का जवाब देते हैं। विधानसभा में सरकार के माध्यम से जनता के हित में कार्यवाही संचालित हो यह सुनिश्चित किया जाता है। सभा में जनता की आवाज को मुखर करने का दायित्व पक्ष एवं प्रतिपक्ष दोनों का होता है इसलिए विधानसभा अध्यक्ष को निष्पक्ष ढंग से कार्यवाही को संचालित

करते हुए सभी मान. सदस्यों को अपनी बात रखने का समान अवसर प्रदान करना होता है।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि- प्रजातंत्र की ताकत आम आदमी में निहित होती है, प्रजातंत्र में सभी व्यक्तियों के वोट की शक्ति बराबर होती है। उन्होने कहा कि- छत्तीसगढ विधानसभा में प्रत्येक विभाग के बजट की अनुदान मांगों पर पृथक-पृथक चर्चा होती है और विधानसभा से बजट पारित होने के बाद सरकार उस पैसे का उपयोग जनकल्याणकारी योजनाओं में कर सकती है। उन्होने कहा कि छात्रों को अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ा परिश्रम करना चाहिए।